संख्या-82/2022/369/58-2-2022-300(1)/2022

संख्या-A066-20222023-001-369-2022

प्रेषक,

शिवराज कुमार यादव,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

खाद्य प्रसंस्करण अनुभाग **लखनऊ::दिनांकः 07 जुलाई, 2022**

विषयः- अनुदान संख्या-83 के अधीन खाद्य प्रसंस्करण शाखा के अन्तर्गत चालू योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0-15.30 लाख के सापेक्ष रू0-10.20 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-04/बजट/2022-23, दिनांकः 05.04.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें।

2. उक्त के संबध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-83 के अधीन खाद्य प्रसंस्करण शाखा के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2401-फसल कृषि कर्म-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-05-खाद्य प्रसंस्करण उद्यमिता विकास के मानक मद संख्या 44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रशासंगिक व्यय में वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0-15.30 लाख के सापेक्ष स्वीकृत धनराशि रू0-10.20 लाख (रूपया दस लाख बीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निर्वतन पर निम्नालिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है जिसका विवरण निम्नंवत है :-

अनुदान संख्या-83 (खाद्य प्रसंस्करण शाखा) **(धनराशि लाख रूपये में)**

क्र0 सं0	**लेखाशीर्षक/कोड सं0/मद का नाम**	**वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुदान**	**अवमुक्त धनराशि**
1	**2**	3	4
1	2401-फसल कृषि कर्म 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना 05-खाद्य प्रसंस्करण उद्यमिता विकास 44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रशासंगिक व्यय	15.30	10.20
	योग-	**15.30**	**10.20**

(रूपये दस लाख बीस हजार मात्र)

3- यह सुनिश्चित कर लिया जायगा कि शासनादेश दिनांक-08.04.2022 द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0-5.10 लाख (रूपया पांच लाख दस हजार मात्र) को प्रत्येक लेखाशीर्षक/मानक मदवार को समायोजित कर लिया जायेगा।

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या--13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/ 2022, दिनांक-07/06/2022 में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा की स्थिति में विभागाध्यक्ष, वित्त नियंत्रक एवं आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।
2. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय खाद्य प्रसंस्करण शाखा के अन्तर्गत व्यवस्थित उन्हीं मदों में किया जायेगा जिनके लिये धनराशि स्वीकृत की जा रही है। इस आशय का प्रमाण-पत्र निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। जहॉ आवश्यकता हो, सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात् ही उपरोक्त मदों में व्यय किया जायेगा।

.....2/-

http://shasanadesh.up.gov.in

3. खाद्य प्रसंस्करण शाखा के अन्तर्गत व्यवस्थित मदों के अतिरिक्त किन्हीं अन्य मदों में उक्त धनराशि का व्यय कदापि नहीं किया जायेगा और न ही एक मद से दूसरे मद में इसका व्यावर्तन किया जायेगा। भिन्न स्थिति होने पर वित्तीय अनियमितता माना जायेगा, जिसके लिए निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी इस हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
4. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्डबुक के नियमों प्राविधानों के अनुसार नियन्त्रक अधिकारी के नियन्त्रण में किया जायेगा।
5. स्वीकृत धनराशि के व्यय का विवरण यथा वित्तीय नियमों के अनुसार शासन/वित्त विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
6. मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग/शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू में धनराशि रू0- 10.20 लाख (रूपये दस लाख बीस हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अनुदान संख्या-083 लेखा शीर्षक 2401-00-789-05-खाद्य प्रसंस्करण उद्यमिता विकास के मानक मद 44 प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07/06/2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शिवराज कुमार यादव)
संयुक्त सचिव।

संख्या-82/2022/369(1)/58-2-2022, तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, सत्यनिष्ठा भवन, 15, थार्न हिल रोड, प्रयागराज ।
(3) वित्त नियंत्रक/आहरण एवं वितरण अधिकारी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(5) वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
(7) समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ), उत्तर प्रदेश शासन।
(8) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिवराज कुमार यादव)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in